समाचार

होली दिवस पर निगम सम्पत्तियों की सुरक्षा हेतु तैनात रहेंगे कर्मचारी

(आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आदेश जारी कर अधिकारी कर्मचारियों को सौपे दायित्व)

कोरबा 20 मार्च 2019 –होली दिवस पर नगर पालिक निगम कोरबा की चल–अचल सम्पत्तियों की सुरक्षा एवं देखरेख हेतु निगम के अधिकारी कर्मचारी तैनात रहेंगे, आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आदेश जारी कर जोनवार इन अधिकारी कर्मचारियों को निगम सम्पत्तियों की सुरक्षा व देखरेख की जिम्मेदारी सौपी है।

21 मार्च गुरूवार को होली दिवस के मौके पर नगर पालिक निगम कोरबा की चल–अचल सम्पत्तियों की सुरक्षा एवं देखरेख हेतु जोनवार अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती करते हुए आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने पूरी निष्ठा के साथ कर्तव्य निर्वहन के निर्देश संबंधितों को दिए हैं। उन्होने निगम के विभिन्न भवनों, पानी टंकियों, दुकानों, स्ट्रीट लाईटों, स्टेडियम, उद्यान, पंचवटी गेस्ट हाउस, पम्प हाउस, जलसोधन संयंत्र, वाटर टैंकों, निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह, गैरेज, जोन कार्यालयों, निगम के मुख्य कार्यालय साकेत भवन, विभिन्न व्यवसायिक काम्पलेक्सों सहित निगम की अन्य चल एवं अचल सम्पत्तियों की देखरेख एवं सुरक्षा के लिए जोनवार अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती की है।